**बरेली पुलिस**

**प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026**
**थाना बारादरी जनपद बरेली।**

**थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा "युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले" 01 वाछिंत अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 15.06.26 समय 23:30 थाना बारादरी पर एक युवक को गोली मारकर हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना बारादरी, फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची तथा मृतक अर्जुन पुत्र राकेश निवासी संजयनगर, थाना बारादरी, बरेली के शव का पीएम कराया गया। परिजनों ने तहरीर देकर आरोपित किया कि अर्पित मौर्य पुत्र शोमेन्द्र मौर्य, कपिल पुत्र गिरिजा शंकर, कुश पुत्र अंतराम निवासीगण संजयनगर थाना बारादरी, बरेली तीनों हमारे घर आये और मेरे बेटे अर्जुन को बुलाकर मंदिर के पास तिराहे पर ले गये, जहां इनके द्वारा मेरे बेटे अर्जुन को गोली मारकर हत्या कर दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बारादरी पर FIR 799/26 U/S 103(1)/3(5) BNS पंजीकृत की गयी। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना बारादरी, SOG, सर्विलांस की 04 संयुक्त टीमे लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर दबिश में थीं।

**सूचना/पुलिस टीम/ कार्यवाही-**

दिनांक 18.06.2026 को थाना बारादरी, बरेली पुलिस टीम डोहरा चौराहे पर बैरियर लगाकर सदिंग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे थे, इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि संजयनगर में हुई हत्या के वाछिंत अभियुक्त अर्पित और कुश हारू नगला रोड़ से होकर कहीं भागने की फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा विश्वास कर एफसीआई गोदाम पर चैकिंग की जा रही थी, कुछ समय बाद भरतौल की ओर से 02 व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिये, जो पुलिस टीम को चैकिंग करता देख गोदाम की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को पकड़ने के लिए पीछा किया तो दोनों बदमाशों ने अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अचानक फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पैर में गोली लगने गिर गया, जबकि इसका एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया। पूछताछ पर घायल बदमाश ने अपना नाम अर्पित उर्फ पहाड़ी पुत्र शोमेन्द्र मौर्य नि0 हवाई जहाज वाली कोठी के पास संजयनगर थाना बारादरी जनपद बरेली बताया, जिसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए।

घायल अभियुक्त अर्पित को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 810/2026 धारा 109/3(5) बी0एन0एस0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। फरार अभियुक्त कुश की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम दबिश में है। गिरफ्तार अभियुक्त अर्पित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ-**

गिरफ्तार अभियुक्त अर्पित उपरोक्त ने बताया कि हमारे द्वारा 02 दिन पहले संजयनगर में अर्जुन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आज मैं और कुश बरेली से कहीं दूर भागने की फिराक में थे कि तभी पुलिस ने हमे घेर लिया, इसलिए पुलिस को जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने की कोशिश की। मैं पुलिस की गोली लगने से घायल होकर गिर गया जबकि कुश अंधेरे में भाग गया। जिस तंमचे से मैंने पुलिस पर फायर किया है, यह वही तमंचा है, जिससे हमारे द्वारा अर्जुन को गोली मारकर हत्या की गयी थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अर्पित उर्फ पहाड़ी पुत्र शोमेन्द्र मौर्य नि0 हवाई जहाज वाली कोठी के पास संजयनगर थाना बारादरी जनपद बरेली।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों का विवरण-**

1. FIR 799/26 U/S 103(1)/3(5) BNS थाना बारादरी बरेली।
2. FIR 810/2026 U/S 109/3(5) BNS, 3/25/27 Arms ACT थाना बारादरी बरेली।

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बिजेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली।
2. निरीक्षक श्री सुनील कुमार शर्मा प्रभारी एसओजी प्रथम मय टीम।
3. उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह थाना बारादरी बरेली।
4. उ0नि0 श्री नितिन राणा थाना बारादरी बरेली
5. उ0नि0 श्री सौरभ डेढ़ा थाना बारादरी बरेली।
6. उ0नि0 श्री राहुल चौधरी थाना बारादरी बरेली।
7. कां0 229 अमन कुमार थाना बारादरी बरेली।
8. कां0 276 अंकुर कुमार थाना बारादरी बरेली।